SHRI P.G. NARAYANAN (Tamil Nadu): Sir, this is a very serious issue...*(interruptions)*... The code of ethics has been removed from the educational curriculum...*(interruptions)*...

MR. CHAIRMAN. You were there when I received a note, and I had told you at that moment that I will have to study it. And now, you are pressing that it should be taken up just now. It is just not possible... *(interruptions)*...

SHRI P.G. NARAYANAN. Sir, it is connected to an important matter... *(interruptions)*...

श्री सभापति : मैं इसको ले लूंगा, लेकिन आप बैठ जाइये । ....(**व्यवधान**).... आप बैठ जाइये । ....(**व्यवधान**).... श्री सुरेश पचौरी । ....(**व्यवधान**).... देखिए, कुछ भी रिकार्ड पर नहीं जायेगा, अगर आप मेरी बिना अनुमति के बोलेंगे । बिना मेरी इच्छा के कोई बोलेगा तो वह रिकार्ड पर नहीं जायेगा। ....(**व्यवधान**).... आप बैठ जाइये । ....(**व्यवधान**).... नहीं, नहीं । ....(**व्यवधान**).... मैंने आपको अलाऊ नहीं किया है। ....(**व्यवधान**).... मैंने आपको अलाऊ नहीं किया है। कृपया आप न बोलें । अगर आप बिना मेरी अनुमति के बोलेंगे तो रिकार्ड पर नहीं जायेगा, उसका कोई लाभ नहीं होगा। ....(**व्यवधान**).... मैं अलाऊ नहीं करूंगा । चलिए ।

STATEMENT REGARDING GOVERNMENT BUSINESS

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश पचौरी) : महोदय, आपकी अनुमति से मैं यह सूचित करता हूं कि सोमवार, 12 जुलाई, 2004 से प्रारंभ होने वाले सप्ताह के दौरान इस सदन में निम्नलिखित सरकारी कार्य लिया जाएगा:

वर्ष 2004-2005 के लिए रेल बजट पर आगे सामान्य चर्चा।

लोक सभा द्वारा पारित किए जाने के पश्चात विनियोग (रेल) लेखानुदान संख्या -2 विधेयक, 2004 पर विचार तथा वापस लौटाना ।

"सामान्य राजस्व और अन्य आनुषंगिक मामलों के लिए रेलवे द्वारा देय लाभांश की दर" के निर्धारण हेतु एक नयी रेल अभिसमय समिति चौदहवीं लोक सभा के गठन के लिए रेल मंत्री द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले संकल्प पर चर्चा तथा स्वीकृत करना । वर्ष 2004-2005 के लिए सामान्य बजट पर सामान्य चर्चा ।